नगर निगम 98 लाख रुपए खर्च कर आधुनिक तकनीक से करेगा सड़क मरम्मत

# पैचवर्क में बारिश नहीं बनेगी बाधा, कोल्ड मिक्स डामर से सुधारेंगे सड़कों की सूरत

पीपुल्स संवाददाता • इंदौर
मो.नं. 9584460010

बारिश के दौरान सड़कों पर बनने वाले गड्ढों से होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के लिए नगर निगम इस बार बारिश के मौसम में भी पैचवर्क का काम जारी रखेगा। इसके लिए निगम कोल्ड मिक्स डामर खरीदेगा, जिस पर करीब 98 लाख रुपए खर्च किए जाएंगे। इस संबंध में निगम ने टेंडर जारी कर दिए हैं।

### हाट डामर की जरूरत नहीं

अब तक पैचवर्क का काम गर्म डामर सामग्री से किया जाता रहा है, लेकिन बारिश के दौरान डामर प्लांटों में उत्पादन बंद हो जाने से गड्ढों की मरम्मत संभव नहीं हो पाती थी। ऐसे में निगम ने पिछले वर्ष आंध्र प्रदेश से लाई गई कोल्ड मिक्स तकनीक को अपनाने का निर्णय लिया है। इसके तहत निर्माण एजेंसी को कोल्ड मिक्स डामर सामग्री और जेट प्रेशर मशीन की मदद से गड्ढों की मरम्मत करनी होगी।



बारिश में कोल्ड मिक्स डामर से की जाएगी गड्ढों की मरम्मत।

### सभी 22 जोन से मांगी रिपोर्ट

जनकार्य विभाग के प्रभारी एवं एमआईसी सदस्य राजेंद्र राठौर ने बताया कि नगर निगम के सभी 22 जोन कार्यालयों से रिपोर्ट मांगी गई है। जोन अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने-अपने क्षेत्र के मुख्य मार्गों और खतरनाक गड्ढों की सूची तैयार कर भेजें। इन गड्ढों की मरम्मत कोल्ड मिक्स डामर सामग्री से की जाएगी। यह कार्य पूरे वर्षा काल के दौरान लगातार चलता रहेगा, ताकि वाहन चालकों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

### अक्टूबर तक जारी रहेगी तैयारी

जनकार्य विभाग के कार्यपालन यंत्री पी.एस. कुशवाह ने बताया कि बारिश के दौरान शहर के प्रमुख मार्गों पर गड्ढे बनने से दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ जाता है। शहर में अब तक लगभग 15 इंच बारिश हो चुकी है और अक्टूबर तक बारिश जारी रहने की संभावना है। इसे देखते हुए जनकार्य विभाग ने पहले ही टेंडर जारी कर दिए हैं, ताकि बारिश के दौरान भी गड्ढे भरने का काम बाधित न हो।

### नेता प्रतिपक्ष ने बताया लेट-लतीफ फैसला

नगर निगम के इस कदम को नेता प्रतिपक्ष सोनाली मिमरोट ने देर से उठाया गया कदम बताया। उन्होंने कहा कि इंदौर की जनता खराब सड़कों, गंदे पानी और गंदगी से परेशान है। पूरे शहर में सड़कें खुदी हुई हैं, जबकि नगर निगम का जनकार्य विभाग अब बारिश में बने गड्ढों की चिंता कर रहा है। उन्होंने कहा कि शहर में मौसम कोई भी हो, गड्ढों की समस्या बनी रहती है। महापौर और नगर निगम के अधिकारी आखिर किस फील गुड में जी रहे हैं? उन्हें सड़कों पर उतरकर वास्तविक स्थिति देखनी चाहिए।

### क्या है कोल्ड मिक्स डामर तकनीक, कैसे करती है काम?

कोल्ड मिक्स डामर ऐसी सड़क मरम्मत तकनीक है, जिसमें डामर को गर्म किए बिना विशेष रसायनों के साथ तैयार किया जाता है। इसे सीधे गड्ढों में डालकर जेट प्रेशर मशीन या रोलर से दबाया जाता है, जिससे सड़क तुरंत उपयोग के लिए तैयार हो जाती है। इस तकनीक की सबसे बड़ी खासियत यह है कि बारिश या नमी के दौरान भी इसका उपयोग किया जा सकता है। पारंपरिक हॉट मिक्स डामर की तुलना में इसमें प्लांट से गर्म सामग्री लाने की आवश्यकता नहीं होती। इसलिए आपात स्थिति में गड्ढों की त्वरित मरम्मत संभव हो जाती है।

# सिंहस्थ और बढ़ते यातायात को देखते हुए विकसित होगा चंद्रगुप्त मौर्य चौराहा

1.03 करोड़ की लागत से मेट्रो कॉरिडोर के नीचे बनेगी सर्विस रोड

पीपुल्स संवाददाता • इंदौर
मो.नं. 9584460010

एमआर-10 स्थित चंद्रगुप्त मौर्य चौराहा अब आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित होगा। प्रदेश के नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय और क्षेत्रीय विधायक रमेश मेंदोला ने सोमवार को करीब 1.03 करोड़ रुपये की लागत से होने वाले विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। नगर निगम का कहना है कि चौराहे का विकास भविष्य के सिंहस्थ महापर्व और क्षेत्र में लगातार बढ़ रहे यातायात को ध्यान में रखकर किया जा रहा है।

### यातायात होगा अधिक सुरक्षित और सुगम

जनकार्य एवं उद्यान प्रभारी राजेंद्र राठौर ने बताया कि परियोजना के तहत मेट्रो रेल कॉरिडोर के नीचे सर्विस रोड का निर्माण, रोटरी एवं जंक्शन का विकास, आधुनिक फुटपाथ, एलईडी स्ट्रीट लाइट, ग्रीन बेल्ट, बेहतर जल निकासी व्यवस्था सहित अन्य आधारभूत सुविधाएं विकसित की जाएंगी। इन कार्यों के पूरा होने के बाद क्षेत्र में यातायात अधिक सुरक्षित, सुगम और व्यवस्थित होगा।



विकास कार्यों का भूमिपूजन करते मंत्री विजयवर्गीय, विधायक मेंदोला व जनप्रतिनिधि।

### क्षेत्र का विकास और सौंदर्यीकरण होगा

राठौर ने कहा कि यह परियोजना न केवल यातायात प्रबंधन को बेहतर बनाएगी, बल्कि क्षेत्र के समग्र विकास और सौंदर्यीकरण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। बढ़ते शहरी विस्तार और वाहनों की संख्या को देखते हुए इस तरह के बुनियादी ढांचे का विकास आवश्यक है। उन्होंने बताया कि नगर निगम शहर के प्रमुख चौराहों और मार्गों का चरणबद्ध तरीके से उन्नयन कर रहा है। इसका उद्देश्य यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करना, नागरिकों को बेहतर आवागमन सुविधा उपलब्ध कराना और शहर के सौंदर्यीकरण को बढ़ावा देना है।

### एक्सपर्ट्स की सलाह पर तैयार किया ट्रैफिक प्लान

भूमिपूजन कार्यक्रम में मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि प्रोजेक्ट को अंतिम रूप देने से पहले स्थानीय जनप्रतिनिधियों और यातायात विशेषज्ञों के साथ विस्तृत चर्चा की गई। एक्सपर्ट्स की सलाह के आधार पर व्यापक ट्रैफिक प्लान तैयार किया गया है। इसका उद्देश्य भविष्य के यातायात दबाव को कम करना और वाहनों की आवाजाही को अधिक व्यवस्थित बनाना है। उन्होंने कहा कि मेट्रो प्रोजेक्ट का अधिकांश कार्य पूरा होने के बाद अब प्रशासन और जनप्रतिनिधियों का फोकस शहर के प्रमुख चौराहों के सौंदर्यीकरण और ट्रैफिक प्रबंधन पर है।

# दतिया में जीत पर कांग्रेसियों में उत्साह, सज्जन वर्मा बोले- जेन जी आंदोलन का असर दिखा

पीपुल्स संवाददाता • इंदौर
मो.नं. 9584691000

दतिया उपचुनाव में कांग्रेस की जीत का जश्न सोमवार को इंदौर में भी देखने को मिला। शहर कांग्रेस कार्यालय गांधी भवन के बाहर कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी कर जीत का उत्सव मनाया। कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाई और राहगीरों के बीच भी मिठाई बांटी।

शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिटू चौकसे ने जीत का श्रेय कार्यकर्ताओं की मेहनत और संगठन की एकजुटता को दिया। वहीं पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा ने भाजपा और चुनाव आयोग पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा नेता नरोत्तम मिश्रा अपने बूथ से भी हार गए, जो जनता के बदलते रुख का संकेत है। उन्होंने कहा कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के विधानसभा क्षेत्र में भी पार्टी को हार का सामना करना पड़ा और वे अपना बूथ भी नहीं बचा सके। वर्मा ने कहा कि भाजपा को इस पर आत्ममंथन करना चाहिए। उन्होंने बिहार में कम मतदान का मुद्दा उठाते हुए कहा कि जिस सीट पर केवल 32 प्रतिशत मतदान हुआ, उस पर चुनाव आयोग को भी गंभीरता से विचार करना चाहिए। जेन-जी आंदोलन का जिक्र करते हुए वर्मा ने कहा कि हाल के चुनाव परिणामों में युवाओं के आंदोलन का असर साफ दिखाई देता है।



दतिया उपचुनाव में जीत का जश्न मनाते कांग्रेस कार्यकर्ता।

### कांग्रेस पर जताया भरोसा

उन्होंने कहा कि कांग्रेस जेन-जी के युवाओं का धन्यवाद करती है, जिन्होंने देश और समाज को नई दिशा देने का काम किया है। दतिया की जनता ने कांग्रेस की नीतियों, संगठन और जनहित के मुद्दों पर भरोसा जताया है। उनके अनुसार, यह सिर्फ एक विधानसभा सीट की जीत नहीं, बल्कि प्रदेश की राजनीति के लिए भी महत्वपूर्ण संदेश है। जश्न के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदेश नेतृत्व के समर्थन में नारे लगाए और दतिया की जनता का आभार व्यक्त किया।

# वीआईपी नंबरों की रेस शुरू : पहले दिन 0009 पर 50 हजार की बोली, 0001 पर सबकी नजर

पहले दिन 20 नंबरों पर लगी बोली, लेकिन 0001 पर नहीं आया कोई

पीपुल्स संवाददाता • इंदौर
मो.नं. 9584691000

परिवहन विभाग द्वारा हर सप्ताह आयोजित की जाने वाली वीआईपी नंबरों की नीलामी सोमवार से शुरू हुई है। इस बार इसमें नई सीरीज एमपी-09-बीवी के नंबर नीलामी के लिए उपलब्ध है। नई सीरीज आते ही पसंदीदा नंबरों को लेकर वाहन मालिकों में उत्साह दिखाई देने लगा है। नीलामी के पहले ही दिन 0009 नंबर के लिए एक आवेदक ने 50 हजार रुपये की बोली लगा दी, जिससे संकेत मिल रहे हैं कि इस बार भी आकर्षक नंबरों के लिए अच्छी प्रतिस्पर्धा देखने को मिलेगी। हालांकि चौकाने वाली बात यह रही कि पहले दिन करीब 20 नंबरों के लिए बोली लगी है। लेकिन 0001 पर अब तक किसी ने बोली नहीं लगाई है।

आरटीओ एजेंटस के अनुसार इस बार सबसे ज्यादा नजर 0001 नंबर पर रहेगी, क्योंकि यह भी नीलामी के लिए उपलब्ध है। परिवहन विभाग को उम्मीद है कि यह नंबर ऊंची कीमत पर बिक सकता है। पिछले कुछ समय से 0009, 0099, 9999 समेत विशेष अंकों वाले नंबरों की अच्छी मांग रही है और इन पर लाखों रुपये तक की बोलियां लग चुकी हैं। ऐसे में नई सीरीज में भी रिकॉर्ड बोली की संभावना जताई जा रही है। वही डीलरों का कहना है कि वाहन बाजार में भी इन दिनों खरीदारी का माहौल बन रहा है।



### गुरुवार को होगा फैसला

परिवहन विभाग के अनुसार, एमपी-09-बीवी सीरीज की यह ऑनलाइन नीलामी गुरुवार शाम तक चलेगी। इसके बाद शाम 5 बजे परिणाम घोषित किए जाएंगे। यदि किसी एक नंबर के लिए एक से अधिक दावेदार होंगे, तो उन्हें ऑनलाइन प्रक्रिया के तहत 21 बार तक बोली बढ़ाने का अवसर मिलेगा। बीते सप्ताह हुई ऑनलाइन नीलामी में वाहन मालिकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कुल 113 वीआईपी नंबरों की नीलामी हुई। सबसे अधिक बोली एमपी 09 बीयू 0009 नंबर पर लगी, जो 4 लाख 26 हजार रुपये में बिका। इस नंबर के लिए 4 दावेदार मैदान में थे। पहली बार यह नंबर इतनी अधिक कीमत पर बिका है।

# 9 अगस्त को एक लाख पौधे रोपेगी भाजपा, 15 तक चलेगा अभियान

पीपुल्स संवाददाता • इंदौर
मो.नं. 9584691000

भाजपा इंदौर नगर और ग्रामीण की संयुक्त बैठक सोमवार को माहेश्वरी मांगलिक भवन में आयोजित हुई। बैठक में नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने 9 अगस्त को एक लाख पौधे लगाने के अभियान की घोषणा करते हुए कहा कि भाजपा के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बी.एल. संतोष की मौजूदगी में यह विशेष पौधरोपण कार्यक्रम होगा। वहीं, नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा ने बताया कि 9 से 15 अगस्त तक तिरंगा अभियान चलाया जाएगा, जिसके तहत मंडलों में तिरंगा यात्राएं और घर-घर जनसंपर्क किया जाएगा।

कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान को सबसे पहले सफल बनाने का काम इंदौर ने किया। उन्होंने कहा कि शहर में पहले 51 लाख पौधे लगाए जा चुके हैं और रेवती रेंज में एक ही दिन में 12 लाख से अधिक पौधे रोपकर रिकॉर्ड बनाया गया था। इस वर्ष 21 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने बताया कि इस बार आठ फीट ऊंचे पौधे लगाए जाएंगे ताकि वे बारिश के मौसम में तेजी से विकसित हो सकें।

नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा ने बताया कि 9 से 15 अगस्त तक तिरंगा अभियान चलेगा। सभी मंडलों में तिरंगा यात्राएं निकाली जाएंगी, जबकि 14 अगस्त को जिला स्तरीय भव्य तिरंगा यात्रा आयोजित होगी। कार्यकर्ताओं को निर्देश दिए गए हैं कि वे बूथ स्तर पर घर-घर जाकर लोगों से अपने घरों पर तिरंगा लगाने का आग्रह करें।

## शासन नहीं तो निगम स्तर पर झांकियों को मिलेगी सहायता

इन्दौर। श्री गणेश विसर्जन चल समारोह में शामिल चलित झांकियों की परम्परा खत्म नहीं होगी, हर संभव शासन नहीं तो निगम स्तर पर प्रतिवर्ष दिए जाने वाली राशि मिल कमेटियों को प्रदान की जाएगी। यह आश्वस्त करते हुए मेयर काउंसिल के सदस्य नन्दकिशोर पहाड़िया ने नेताजी सुभाष मंच एवं मालवा मिल कमेटी के द्वारा दिए गए ज्ञापन के बाद कहे। गत दिनों निगम द्वारा झांकियों को आर्थिक सहायता की मनाही कर दी गई थी, जिसके बाद झांकी समितियों ने मिलकर एमआईसी मेम्बर नन्दकिशोर पहाड़िया को ज्ञापन सौंपा था।

## एमपीआईडीसी की ईडी प्रीति यादव से मिला प्रतिनिधिमंडल

इंदौर। सेंट्रल इंडिया की सबसे बड़ी औद्योगिक प्रदर्शनी 'प्लास्ट पैक 2026' की तैयारियों को लेकर इंडियन प्लास्ट पैक फोरम का एक प्रतिनिधिमंडल अध्यक्ष सचिन बंसल के नेतृत्व में औद्योगिक विकास निगम इंदौर की कार्यकारी निदेशक प्रीति यादव से मिला। अध्यक्ष बंसल ने पिछले आयोजन की सफलता में एमपीआईडीसी के सहयोग का विवरण देते हुए 27 से 30 नवंबर 2026 तक आयोजित होने वाले 'प्लास्ट पैक 2026' का औपचारिक प्रस्ताव रखा। प्रीति यादव ने मुख्यालय स्तर पर चर्चा कर हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया।


सार्वजनिक सूचना

ICICI Bank | ICICI बैंक लिमिटेड, ऑफिस नंबर 201-B, दूसरी मंज़िल, रोड नंबर 1, प्लॉट नंबर B3, WIFI IT पार्क, वागले इंडस्ट्रियल एस्टेट, ठाणे (पश्चिम) - 400604

निम्नलिखित उधारकताओं ने ICICI बैंक से लिए गए लोन की मूलधन और ब्याज की रीपेमेंट में डिफॉल्ट किया है। लोन को नॉन-परफॉर्मिंग एसेट (NPA) के रूप में क्लासिफाई किया गया है।

उन्हें उनके आखिरी ज्ञात पते पर सिक्योरिटाइजेशन एंड रिकंस्ट्रक्शन ऑफ फाइनेंशियल एसेट्स एंड एनफोर्समेंट ऑफ सिक्योरिटी इंटरेस्ट एक्ट, 2002 की धारा 13(2) के तहत एक नोटिस जारी किया गया था। हालांकि, यह नोटिस उन तक नहीं पहुंचा है और इसलिए उन्हें इस पब्लिक नोटिस के जरिए सूचित किया जा रहा है।

| सं. क्र. | उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता/ गारंटर का नाम (लोन अकाउंट नंबर और पता) | सुरक्षित संपत्ति का विवरण जिस पर कार्रवाई की जानी है | नोटिस भेजा गया नोटिस की तारीख तक बकाया | एनपीए तारीख |
|---|---|---|---|---|
| 1. | उद्धव विश्वनाथ सूर्यवंशी/सपना सूर्यवंशी/ LBIND00005782891/ मकान नं. 201, समृद्धि हाइट्स, समर्थ पार्क, ग्राम उमरिया, मध्य प्रदेश, इंदौर 453111 | फ़्लैट नंबर 201 (दूसरी मंजिल), प्लॉट नंबर B-40, समृद्धि फ़्लाइट्स, समर्थ पार्क, खसरा नंबर 201, पटवारी हल्का नंबर 1, ग्राम उमरिया, तहसील महू, मध्य प्रदेश, इंदौर - 453331; कुल क्षेत्रफल 837 वर्ग फीट यानी 77.78 वर्ग मीटर। | 06-07-2026 Rs. 17,04,300.83/- | 11/05/ 2026 |
| 2. | सुरेंद्र सिंह वर्मा (आवेदक-मृतक)/विजयलक्ष्मी वर्मा (सह-) आवेदक)/ LBRAT00001039491/ 47, डी.आर.पी. लाइन्स, रतलाम, मध्य प्रदेश, रतलाम-457001 | प्लॉट नंबर 182 का दक्षिणी हिस्सा, सर्वे नंबर 275/2, त्रिमूर्ति नगर, ग्राम- बरवाड़, रतलाम, मध्य प्रदेश - 457001; प्लॉट का क्षेत्रफल 25*40 = 1000 वर्ग फीट (92.96 वर्ग मीटर) है और उस पर बना हुआ ढांचा भी शामिल है। | 14-07-2026 Rs. 7,67,235.09/- | 08/11/ 2021 |
| 3. | महेश मनोहर मोहरिल/ LBIND00005632268/ फ्लैट नं. 206, हॉलमार्क होम्स, दिव्यविहार कॉलोनी उज्जैन रोड I, मध्य प्रदेश, इंदौर-453111 | फ़्लैट नंबर 206, प्लॉट MR 05, बिल्डिंग का नाम- हॉलमार्क होम्स, दिव्या विहार, ग्राम जाखिया सांवेर, मध्य प्रदेश, इंदौर - 452001 पर स्थित है; इसका सुपर बिल्ट-अप एरिया 629 वर्ग फीट यानी 58.45 वर्ग मीटर है। | 06-07-2026 Rs. 6,67,910.98/- | 11/05/ 2026 |

ये कदम नोटिस की सब्स्टीट्यूटेड सर्विस के लिए उठाए जा रहे हैं। ऊपर बताए गए कर्जदार/गारंटर (जो भी लागू हो) को सलाह दी जाती है कि वे इस नोटिस के पब्लिश होने की तारीख से 60 दिनों के अंदर बकाया पेमेंट कर दें। वरना, सिक्योरिटाइजेशन एंड री-कंस्ट्रक्शन ऑफ फाइनेंशियल एसेट्स एंड एनफोर्समेंट ऑफ सिक्योरिटी इंटरेस्ट एक्ट, 2002 के प्रावधानों के अनुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

तारीख: 04 अगस्त 2026 स्थान: इन्दौर

अधिकृत अधिकारी, आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के लिए

Chola Enter a better life

चोलामंडलम इन्वेस्टमेंट एंड फाइनेंस कम्पनी लिमिटेड
कॉर्पोरेट कार्यालय: चोला क्रेस्ट, सुपर बी, सी 54 और सी 55, 4, थिरु वी का औद्योगिक एस्टेट, गिंडी, चेन्नई-600032

कब्जे का नोटिस [(परिशिष्ट IV) नियम 8 (1) के तहत]

जबकि मे. चोलामंडलम इन्वेस्टमेंट एंड फाइनेंस कंपनी लिमिटेड का अधिकृत अधिकारी होने के नाते, वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (2002 का 54) के अधीन तथा प्रतिभूति हित [प्रवर्तन] नियम, 2002 की धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, नियम 3 के साथ पठित, उक्त अधिनियम की धारा 13(2) के अंतर्गत नीचे दिनांकित डिमांड नोटिस जारी करता हूँ, जिसमें आप, उधारकर्ता (नाम और पते नीचे दिए गए हैं) से उक्त नोटिस में उल्लिखित राशि और उस पर ब्याज को उक्त नोटिस की प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर चुकाने के लिए कहा गया है। नीचे उल्लिखित उधारकर्ता राशि चुकाने में विफल रहने के कारण, नीचे उल्लिखित उधारकर्ताओं और आम जनता को यह नोटिस दिया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (4) के तहत मुझे प्रदत्त शक्तियों के साथ सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 के साथ प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा ले लिया है। विशेष रूप से ऊपर उल्लिखित उधारकर्ताओं और आम जनता को एतद्द्वारा उक्त संपत्ति का लेनदेन न करने की चेतावनी दी जाती है और संपत्ति से संबंधित लेनदेन मेसर्स चोलामंडलम इन्वेस्टमेंट एंड फाइनेंस कंपनी लिमिटेड के अधीन होगा, जिसके लिए नीचे उल्लिखित राशि और उस पर ब्याज का भुगतान करना होगा। उधारकर्ताओं का ध्यान सुरक्षित संपत्तियों को भुनाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है।

| उधारकर्ता का नाम और पता तथा ऋण खाता संख्या | मांग पत्र दिनांक | बकाया राशि | अचल संपत्ति का विवरण | कब्जा दिनांक |
|---|---|---|---|---|
| ऋण खाता HL04IND000055080 1. श्रीमान/श्रीमती अंकुल वर्मा 2. श्रीमान/श्रीमती रेनू मनोज पता: 2391 लुनियापुरा महू, इंदौर, मंदिर, महू, मध्य प्रदेश - 453441 इसके अलावा: नगर निगम हाउस नंबर 09 नगर पालिका सदन क्रमांक 09 पुराना क्रमांक 12 वार्ड क्रमांक 70 आदर्श इंदिरा नगर छत्रीपुरा इंदौर मंदिर के पीछे इंदौर 452002 | 19-06-2025 | 18-06-2025 तक रु. 2948841/- (रुपये उनतीस लाख अड़तालीस हजार आठ सौ इकतालिस मात्र) | साइट के अनुसार:- NA/म्युनिसिपल हाउस नंबर 09 (पुराना नंबर 12) वार्ड नंबर 70, आदर्श इंदिरा नगर, छत्रीपुरा, इंदौर 452002, मध्य प्रदेश। डॉक्यूमेंट के अनुसार:- श्रीनाथ हाउस, 1, 1000 आदर्श इंदिरा नगर, वार्ड नंबर 70, मंदिर के पीछे, इंदौर। सीमाएँ - प्लान/डीड/लेआउट के अनुसार: पूर्व :- सरकारी सड़क, पश्चिम :- सड़क, दक्षिण :- रामचंद्र का घर, उत्तर :- किशोर प्रजापत का घर। असल साइट के अनुसार: पूर्व :- सड़क, पश्चिम :- सड़क, दक्षिण :- रामचंद्र का घर जयराम द्वारा खरीदा गया, उत्तर :- किशोर, मुकेश प्रजापत और गोपाल का घर। | 27-06-2026 (कब्जा) |

स्थान: इन्दौर
दिनांक: 27.06.2026

हस्ते/-(प्राधिकृत अधिकारी), चोलामंडलम इन्वेस्टमेंट एंड फाइनेंस कम्पनी लिमिटेड



Yellow Diamond

प्रताप स्नैक्स लिमिटेड
सीआईएन: L15311MP2009PLC021746
पंजीकृत और कॉर्पोरेट कार्यालय: खसरा नंबर 378/2, नेमावर रोड, मकरंद हाउस के पास, पालदा, इंदौर - 452020, मध्य प्रदेश, भारत फोन: (91 731) 243 7604/642
ई-मेल: complianceofficer@yellowdiamond.in वेबसाइट: www.yellowdiamond.in

जून 30, 2026 को समाप्त तिमाही के लिए अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों का विवरण

कंपनी के 30 जून, 2026 को समाप्त तिमाही के लिए अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों की समीक्षा ऑडिट समिति द्वारा की गई तथा उन्हें कंपनी के निदेशक मंडल द्वारा उनकी संबंधित बैठकों में, जो कि 1 अगस्त, 2026 को आयोजित हुई, अनुमोदित किया गया है।

30 जून, 2026 को समाप्त तिमाही के लिए पूर्ण अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणाम भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (लिस्टिंग दायित्व एवं प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम, 2015 के विनियम 33 के अंतर्गत स्टॉक एक्सचेंजों में प्रस्तुत किए जा चुके हैं तथा कंपनी की वेबसाइट www.yellowdiamond.in पर भी उपलब्ध हैं। उक्त परिणाम क्यूआर कोड स्कैन करके भी देखे जा सकते हैं।

स्थान: इंदौर
दिनांक: अगस्त 03, 2026

प्रताप स्नैक्स लिमिटेड
अमित कुमत
प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी
डिआईएन: 02663687



LIC HFL LIC HOUSING FINANCE LTD

एलआईसी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड
एरिया ऑफिस :- आशा दिलपसंद इंपीरियल "अपर ग्राउंड फ्लोर", नगर निगम नं. 6/3 साउथ तुकोगंज, गली नं. 1, हाई कोर्ट की मुख्य सड़क, एमजी रोड, साउथ तुकोगंज, इंदौर (म.प्र.)
फोन 0731- 4235259 Mob: 7004734302, Website: www.lichousing.com

परिशिष्ट-IV नियम 8(1) आधिपत्य सूचना (अचल संपत्ति के लिए)

अधोहस्ताक्षरकर्ता एलआईसी हाऊसिंग फायनेंस लि. का प्राधिकृत अधिकारी होते हुए वित्तीय अस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13(2) प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम के साथ प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये निम्नलिखित ऋणधारियों को ब्याज राशि सहित नोटिस प्राप्ति के दिनांक से 60 दिन की समयावधि में भुगतान करने हेतु निर्देशित किया गया था। ऋणीग्रहिता राशि का भुगतान करने में असफल रहा है अतः ऋण ग्रहिता और सर्वसाधारण को एतद् द्वारा सूचना पत्र दिया जाता है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उक्त अधिनियम की धारा 13(4) सपठित उक्त नियम (8) के साथ पढ़ा जाये एतरिमन नीचे वर्णित संपत्ति का आधिपत्य को ग्रहण कर लिया गया है। ऋणगहिता को विशिष्टतया और सर्वसाधारण को सामान्यतः एतद् द्वारा निम्नवर्णित संपत्ति के साथ कोई व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और संपत्ति के साथ कोई व्यवहार निम्न खाते के सामने वर्णित राशि एवं उस पर ब्याज के लिये निम्न खाते के सामने अंकित एलआईसी हाऊसिंग फायनेंस लि. प्रभार के अधीन होगा।

| क्रं. | ऋण खाता संख्या | खातेदार का नाम एवं पता | संपत्ति विवरण | मांग सूचना तिथि / कब्जा सूचना तिथि | उल्लेखित राशि ₹ मांग सूचना पत्र |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 120400024559 | श्री परमजीत सिंह डांग (मुख्य आवेदक), सुश्री गुरप्रीत कौर बग्गा (सह-आवेदक) पता प्लॉट / मकान नंबर 24, श्री कृष्ण एवेन्यू, फेज 1, सेक्टर ए (ईको टाउन), ग्राम-लिंबोदी तहसील और जिला इंदौर, मध्य प्रदेश | प्लॉट / मकान नंबर 24, श्री कृष्ण एवेन्यू, फेज 1, सेक्टर ए (ईको टाउन), ग्राम-लिंबोदी तहसील और जिला इंदौर, मध्य प्रदेश प्लॉट एरिया 1050 वर्ग फीट, ग्राउंड फ्लोर निर्माण एरिया 800 वर्ग फीट, पहली मंजिल निर्माण एरिया 800 वर्ग फीट, दूसरी मंजिल निर्माण एरिया 150 वर्ग फीट। सीमाएं- - पूर्व में - प्लॉट नंबर 19, पश्चिम में - रोड, उत्तर में - प्लॉट नंबर 25, दक्षिण में - प्लॉट नंबर 23 सांकेतिक कब्ज़ा | 20.04.2026 / 29.07.2026 | 37,54,404.55 + ब्याज व अन्य खर्चे |

ऋणी एवं जमानतदारों को सूचित (Notice) किया जाता है। कि इस नोटिस के छपने की तारीख के 30 दिनों के अंदर, वे उपरोक्त राशि एवं उस पर देय ब्याज एवं खर्चों का भुगतान कर देवें अन्यथा उक्त वर्णित संपत्ति की नीलामी कर दी जावेगी तथा उसके बाद ऋण एवं ब्याज की वसूली खर्चे सहित ऋणी एवं जमानतदार से की जावेगी।

दिनांक : 04.08.2026
स्थान : इंदौर

आज्ञा से
प्राधिकृत अधिकारी
एलआईसी हाऊसिंग फायनेंस लि.